कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः– **9473942572**, ई0–मेल **eeupjnrural22@gmailcom**

पत्रांक 1315 / M-8 / 154 दिनांक 27.10.2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय
जनपद–बरेली।

विषय : **अमर उजाला के ई0–पेपर न्यूज में दिनांक 24.10.2026 को प्रकाशित खबर बरेली : पानी के इंतजार में शहर और गांवों के आधे से ज्यादा घर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली /समाचार पत्र अमर उजाला, दिनांक 24.10.2026 के सन्दर्भ में वांछित आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है–

क्र0सं0	विभाग का नाम	समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक	समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण	विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान
1	2	3	4	5
1	उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली	अमर उजाला दिनांक 24–10–2026	**पानी के इंतजार में शहर और गांवों के आधे से ज्यादा घर** Hindi News › Uttar Pradesh › Bareilly News › More Than Half The Households In Cities And Villages Are Waitin Bareilly News: पानी के इंतजार में शहर और गांवों के आधे से ज्यादा घर Updated Sat, 24 Oct 2026 02:58 AM IST बरेली। अमृत योजना से शहर व जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पानी की पाइप लाइनें तो बिछाई जा रही हैं, लेकिन अब तक आधे से अधिक घरों को पानी का इंतजार है। 2600 करोड़ से अधिक की ये दोनों परियोजनाएं धरातल पर फेल साबित हो रही हैं। जिम्मेदारों की तरफ से काफी समय से आपूर्ति चालू कराने का आश्वासन दिया जा रहा है, पर अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। amarujala.com पानी के इंतजार में शहर और गांवों के आधे से ज्यादा घर अमृत योजना से शहर व जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बिछाई जा रही है पानी की पाइप लाइन 31 ग्राम पंचायत अधिकारियों की ब्लॉकों में तैनाती नर्प की जमीन पर अवैध निर्माण रुकवाया, नोटिस बड़े त्योहारों पर	सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद बरेली के विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम हाफीजगंज, हरहरपुर मटकली, हरदुआ किफायतुल्ला, बीजामऊ एवं बिथरी, विकास खण्ड शेरगढ़ की इस्लामपुर, कबराकिशनपुर एवं स्वालेमुजाहिदपुर एवं विकास खण्ड भदपुरा की नवदिया मोतिराम और नकटी नारायणपुर, किशनपुर कुंइया बिहारीपुर पितमराय, जरपा मोहनपुर और नौगवां भगवंतपुर, अमीरनगर, कुवरपुर तुल्सीपट्टी अवदला पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य अनुबन्धित फर्म मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजनाओं की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है– **हाफीजगंज पे0यो0**–योजनान्तर्गत प्रस्तावित 01 नग अवर जलाशय (350 KL/12 m) का कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण, 2 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 2 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, बाउण्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण, पाइप लाइन 16.40 कि0मी0 के सापेक्ष 13.70 कि0मी0 एवं 1813 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 661 नग गृह संयोजन किये जा चुके है, वर्तमान में योजना पर मुख्य वितरण प्रणाली DI पाइप लाइन 414 मी0 एवं राइजिंग मेंन DI पाइप लाइन 150 mm, 540 मी0 का कार्य अवशेष है। **हरहरपुर मटकली पे0यो0**–योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (300 KL/14 m) का कार्य स्टेजिंग तक पूर्ण कर लिया गया है, 2 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 2 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, दोनो परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 18.38 कि0मी0 के सापेक्ष 16.78 कि0मी0 एवं 1660 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 855 नग गृह संयोजन किये जा चुके है, वर्तमान में योजना पर राइजिंग मेंन DI पाइप लाइन 100 mm, 530 मी0 का कार्य अवशेष है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः– **9473942572,** ई0–मेल **eeupjnrural22@gmailcom**

औरगांबाद हरदुआ किफायतुल्ला पे0यो0– योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (375 KL / 18 m) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं वर्तमान में औरंगाबाद ग्राम पंचायत में अवर जलाशय द्वारा नियमित जलापूर्ति की जा रही है योजना की दूरसी ग्राम पंचयत हरदुआ में वितरण प्रणाली एवं रोड पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, नलकूप का कार्य पूर्ण, परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 12.35 कि0मी0 के सापेक्ष 11.25 कि0मी0 एवं 1058 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 840 नग गृह संयोजन किये जा चुके है, माह नवम्बर के अन्त तक योजना में सम्मिलित सभी ग्रामों में जलापूर्ति सुनिश्चित करा दी जायेगी। वर्तमान में हरदुआ ग्राम पंचायत के मजरे में 225 मी0 सी0सी0 रोड में पाइप लाइन डालने के पश्चात रोड पुर्नस्थापना का कार्य प्रगति पर है।

बीजामऊ एवं बिथरी पे0यो0– बीजामऊ एवं बिथरी ग्रामों को मिलाकर एक पेयजल योजना से जोड़ा गया है एवं अवर जलाशय (325 KL/18 M) का कार्य टॉप डोम तक पूर्ण हो गया है, वर्तमान में योजना पर डायरेक्ट पंप द्वारा सप्लाई की जा रही है एवं रोड रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण है, पाइप लाइन का कार्य 17.82 कि0मी0 के सापेक्ष 16.40 कि0मी0 पूर्ण कर लिया गया है, गृह जल सयोजन 991 नग के सापेक्ष 650 नग गृह संयोजन पूर्ण कर लिया गया है।

इस्लामपुर, कबराकिशनपुर एवं स्वालेमुजाहिदपुर पे0 यो0 –योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (350 KL / 18 m) का कार्य TB-3 तक पूर्ण कर लिया गया है, 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 1 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 20.78 कि0मी0 के सापेक्ष 16.50 कि0मी0 एवं 987 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 795 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। पूर्व में डायरेक्ट पम्प के द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही थी परन्तु सोलर वायर चोरी हो जाने के कारण वर्तमान में सप्लाई बाधित हो गयी है जिसके लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को रिवायरिंग कर पुनः जलापूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

नवदिया मोतीराम और नकटी नारायणपुर एव सिलरा पे0यो0–योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (225 KL / 18 m) का कार्य स्लैब तक पूर्ण कर लिया गया है, 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 1 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 8.95 कि0मी0 के सापेक्ष 10.05 कि0मी0 एवं 667 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 310 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। पम्प हाउस से मेन लाइन न जुडने के कारण पेयजल सप्लाई बाधित है जिसके लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

किशनपुर कुइंया बिहारीपुर पीतमराय पे0यो0–योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (175 KL / 14 m) का कार्य पूर्ण एवं DI पाइप का कार्य प्रगति पर है, 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 1 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 8.88 कि0मी0 के सापेक्ष 7.51 कि0मी0 एवं 560 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 465 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। वर्तमान में पम्प हाउस से डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से उक्त योजना के एक ग्राम किशनपुर कुइंया में पेयजल सप्लाई दी जा रही है। अवर जलाशय का कार्य पूर्ण होने के उपरांत योजना मे सम्मिलित सभी ग्रामों में पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से की जायेगी।

जरपा मोहनपुर और नौगवां भगवंतपुर पे0यो0–योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (225 KL / 12 m) का कार्य GL Level तक पूर्ण है, 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 1 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 7.44 कि0मी0 के सापेक्ष 7.55 कि0मी0 एवं 642 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 560 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। वर्तमान में पम्प हाउस से डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से उक्त योजना पर पेयजल सप्लाई दी जा रही है।

अमीर नगर पे0यो0–योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (150 KL / 12 m) का कार्य स्लैब तक पूर्ण है, 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 1 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 5.69 कि0मी0 के सापेक्ष 3.78 कि0मी0 एवं 391 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 170 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। ग्राम में PWD रोड पर पेयजल पाइप लाइन विछाना प्रस्तावित है जिसे सम्बन्धित विभाग द्वारा NOC प्राप्त होने के उपरांत ग्राम में पेयजल पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर पेयजल सप्लाई चालू कर दी जायेगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ॰प्र॰ जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः— **9473942572,** ई0—मेल **eeupjnrural22@gmailcom**

कुंवरपुर तुलसीपट्टी, अवदला पे0यो0—योजनान्तर्गत प्रस्तावित अवर जलाशय (175 KL / 16 m) का कार्य स्लैब तक पूर्ण है, 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, 1 नग नलकूप का कार्य पूर्ण, परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 6.51 कि0मी0 के सापेक्ष 4.97 कि0मी0 एवं 391 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 228 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। वर्तमान में पम्प हाउस से डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से अवदला ग्राम में पेयजल सप्लाई चल रही है एवं अवर जलाशय का कार्य पूर्ण होने के उपरांत ग्राम पंचायत के सभी ग्रामों में पूर्ण रूप से पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करा दी जायेगी।

उपरोक्त पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यो को शीघ्र प्राथमिकता पर पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है।

भवदीया

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता, (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, (मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, बरेली।
4. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
5. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।
6. संयुक्त महाप्रबन्धक मै0एन0सी0सी0 बरेली को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यो को निर्धारित ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता